समाचार

स्वच्छता महाअभियान

आयुक्त पहुंचे कोसाबाड़ी एवं पं.रविशंकर नगर जोन के वार्डो में पैदल भ्रमण कर सफाई कार्यो का किया निरीक्षण

(आज निगम के वार्ड क्र. 25 एवं 29 में चलाई गई मेगा स्वच्छता ड्राईव, दोनों वार्डो में हुए वृहद सफाई कार्य)

(जल उपचार संयंत्र में मरम्मत कार्य हेतु पानी सप्लाई 15 मार्च को शाम एवं 16 मार्च को सुबह पानी बाधित रहेगा)

कोरबा 14 मार्च 2026 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड एवं बस्तियों की सम्पूर्ण रूप से सफाई किये जाने के मद्देनजर निगम क्षेत्र में स्वच्छता के महाअभियान के ग्यारहवें दिवस आज वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर एवं वार्ड क्र. 29 मुड़ापार में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय इन वार्डो में पहुंचे तथा गली–गली का भ्रमण कर वृहद पैमाने पर किये जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। उन्होने बस्ती की गलियों, नालियों आदि की सम्पूर्ण सफाई किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये तथा स्वच्छता कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन करने को कहा।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता का महा अभियान संचालित किया जा रहा है। महाअभियान के ग्यारहवें दिन आज निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। ग्यारहवें दिन वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर एवं वार्ड क्र. 29 मुड़ापार के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डो की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते साफ–सफाई

कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने वार्ड, बस्तियों में स्थित नालियों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों आदि की सम्पूर्ण सफाई करने, सी.एण्ड डी.वेस्ट, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, दुकानों में डस्टबिन न रखने, गंदगी करने व कचरा फैलाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

द्वार–द्वार पहुंचे आयुक्त, स्वच्छता पर की लोगों से चर्चा – आयुक्त श्री पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर एवं वार्ड क्र. 29 मुड़ापार के गली, मोहल्लों, बस्तियों में पैदल भ्रमण कर वहॉं के रहवासियों से डोर–टू–डोर संपर्क किया, उनसे निगम द्वारा नियमित रूप से कराये जा रहे डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण व निगम के साफ–सफाई कार्यो की सघन रूप से जानकारी ली। सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट, पेयजल आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर उनसे चर्चा की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा तत्काल निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होने लोगों से पूछा कि उनकी गली व घर में कचरा लेने के लिये रिक्शा प्रतिदिन आता है या नहीं, उनके घरों में डस्टबिन है या नहीं तथा वार्ड, बस्तियों में नियमित सफाई के कार्य होते हैं या नहीं।

शहर की स्वच्छता में दें सहयोग – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त वार्ड के रहवासियों के साथ ही समस्त आमजनों से अपील करते हुये कहा कि वे शहर की स्वच्छता में व निगम के स्वच्छता महाअभियान में अपनी सहभागिता व सहयोग दें। उन्होने कहा कि सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालें, गीले व सूखे कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री, कैरीबैग, डिस्पोजल का उपयोग न करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के नागरिकों का आव्हान करते हुये कहा कि हम सब संकल्प लें कि हम न तो गंदगी करेंगे और न ही किसी को करने देंगे, कोरबा शहर को सुंदर शहर बनाने, इसे साफ–सुथरा रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

जल उपचार संयंत्र में मरम्मत कार्यो हेतु पानी सप्लाई बंद रहेगी – आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत खते हुए नगर पालिक निगम कोरबा के 32 एमएलडी जल उपचार संयंत्र में आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण 15 मार्च को शाम के समय एवं 16 मार्च को सुबह जल आपूर्ति व्यवस्था बाधित रहेगा। आमनागरिकों से अपील है कि वे 15 मार्च को सुबह प्रदाय किए जाने वाले जल को संग्रहण करके रखें।

16 मार्च को इन वार्डो में अभियान – स्वच्छता महा अभियान के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 मार्च को वार्ड क्र. 41 पाडीमार क्र.02 व वार्ड क्र. 56 शक्तिनगर क्र. 01 के विभिन्न बस्तियों, कालोनियों, मुख्य व संपर्क सड़कों आदि में विशेष मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी तथा वृहद साफ–सफाई के कार्य किये जाएंगे।